# सत्र 2022-2023

## विषय-हिन्दी

**कक्षा – दसवीं** **(प्री बोर्ड परीक्षा)** **समय – 3 घंटे**

**कुल अंक-90 (लिखित 85 + सुंदर लिखाई 5)**

## भाग-क

**प्रश्न-1(i). निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(4*1=4)**

1. **'प्रत्येक' शब्द का संधि विच्छेद क्या है?**

(क) प्री + तेक (ख) प्रति + एक (ग) प्र + त्येक (घ) इनमें से कोई नही

2.**'देश के लिए भक्ति' पद का समास कीजिए?**

(क) देश भक्ति (ख) देश नीति (ग) देश नायक (घ) देश में भक्ति

3. **'मानव' शब्द की भाववाचक संज्ञा क्या होगी?**

(क) दासी (ख) मालिक (ग) मानवता (घ) इनमें से कोई नहीं

4. **निम्नलिखित में से 'किसान' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है**

(क) गोपाल (ख) विश्व (ग) कृषक (घ) जंगल

**प्रश्न-1(ii) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(4*1=4)**

1. **बिहारी जी के अनुसार किस का साथ शोभा देता है?**

(क).एक जैसे स्वभाव वालों का (ख) विभिन्न स्वभाव वालों का

(ग) अमीरों का (घ) इनमें से कोई नहीं

2. **मनोहर सिंह ने रुपये लौटने की मोहलत कब तक की माँगी थी?**

**(क)**एक साल (ख) एक सप्ताह (ग) छः महीने (घ) बारह दिन

3. **मीरा किसे अपने नयनों में बसाना चाहती है?**

(क) श्री राम को (ख) श्री कृष्ण को (ग) संतों को (घ) मुंशी को

4. **वार्ड में कुल कितने बच्चे थे?**

(क) सात (ख) आठ (ग) बारह (घ) ग्यारह

**प्रश्न-1(iii)निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(4*1=4)**

बिनु बिस्वास भगति नहिं, तेहि विनु द्रवहिं न राम।
राम कृपा बिनु सपनेहुँ, जीवन लह विश्राम।

1. **परमात्मा की भक्ति किस के बिन व्यर्थ है?**

(क) ज्ञान (ख) विश्वास (ग) सुख (घ) उम्र

2. **'बिस्वास' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) हौसला (ख) वर्ग (ग) विश्वास (घ) अचानक

3. **किसकी कृपा के बिन स्वप्न में भी चैन नहीं मिलता?**

(क) रावण (ख) राम (ग) लक्ष्मण (घ) ये सभी

CamScanner

4. **इस पद्यांश का शीर्षक क्या होगा?**

(क) स्वप्न (ख) कृष्ण का सौन्दर्य (ग) भक्ति (घ) इन में से कोई नहीं

**प्रश्न-1(iv)निम्नलिखित रिक्त स्थान में उचित मुहावरे/ लोकोक्तियों का प्रयोग करें :- (3*1=3)**

**1.जब मैंने उससे अपने रुपये माँगे तो उसने मुझे...............दिया ।**

(क) आँखें चुराना (ख) अंधे की लकड़ी (ग) अंगूठा दिखाना (घ) कान का कच्चा

**2. सभी बच्चे अपने माता-पिता के ...........होते है।**

(क).कलेजे के टुकड़े (ख) खाने के लाले पड़ने (ग) आँखें चुराना (घ) घर सिर पर उठाना

**3.सारा साल तुम पढ़े नहीं और फेल हो गए, अब रोने का क्या फायदा। यह तो वही बात हुई.......।**

(क). अब पछताए क्या होत, जब चिड़ियाँ चुग गई खेत (ख) अंत भले का भला

(ग). घर की मुर्गी दाल बराबर (घ) ऊँची दुकान फीका पकवान

**प्रश्न-1(v) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें :- (5*1=5)**

मनुष्य का जीवन कर्म प्रधान है। मनुष्य को निष्काम भाव से सफलता-असफलता की चिंता किए बिना अपने कर्तव्य का पालन करना है। आशा या निराशा के चक्र में फँसे बिना उसे लगातार कर्तव्यनिष्ठ बना रहना चाहिए। किसी भी कर्तव्य की पूर्णता पर सफलता अथवा असफलता प्राप्त होती है। असफल व्यक्ति निराश हो जाता है, किन्तु मनीषियों ने असफलता को भी सफलता की कुंजी कहा है। असफल व्यक्ति अनुभव की सम्पत्ति आ अर्जित करता है, जो उसके भावी जीवन का निर्माण करती है। जीवन में अनेक बार ऐसा होता है कि हम जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम करते हैं, वह पूरा नहीं होता है। ऐसे अवसर पर सारा परिश्रम व्यर्थ हो गया-सा लगता है और हम निराश होकर चुपचाप बैठ जाते हैं। उद्देश्य की पूर्ति के लिए पुनः प्रयत्न नहीं करते। ऐसे व्यक्ति का जीवन धीरे-धीरे बोझ बन जाता है। निराशा का अंधकार न केवल उसकी कर्म-शक्ति, बल्कि उसके समस्त जीवन को ही ढंक लेता है। मनुष्य जीवन धारण करके कर्म-पथ से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। विघ्न-बाधाओं की, सफलता-असफलता की तथा हानि-लाभ की चिंता किए बिना कर्तव्य के मार्ग पर चलते रहने में जो आनंद एवं उत्साह है, उसमें ही जीवन की सार्थकता है।

1. **मनुष्य का जीवन..................(अपूर्ण / कर्म प्रधान) है?** (उचित रिक्त स्थान भरें)
2. **सफलता की कुंजी किसे कहा जाता है?**
3. **असफलता मिलने पर हमें निराश होकर चुपचाप बैठ जाना चाहिए।** (सही/गलत)
4. **'बाधा' का अर्थ क्या है?**
5. **उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक 'जीवन में कर्म का महत्त्व' होगा। (सही/गलत)**

**प्रश्न-1(vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। (6*1=6)**

1. विशेषण बनाएं :- धर्म
2. 'कुल-कूल' शब्द के समरूपी भिन्नार्थक शब्द के अर्थ ........और .......है? (रिक्त स्थान भरें)

CamScanner

**3. 'गाँव में रहने वाला' के लिए एक शब्द होगा :- नागरिक।          ( सही/गलत)**

**4. विपरीत शब्द लिखें :- आशा**

5. अनेकार्थी शब्द लिखें :- अंग

6. अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखें :- लड़का ने पत्र लिखा।

**प्रश्न 1(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें :-          (4•1=4)**

**1. किस प्रकार के मित्र से भारी रक्षा रहती है?**

**2. तेजा सिंह कौन था?**

**3. राजेंद्र बाबू के निजी सचिव और सहचर कौन थे?**

**4. 'सूखी डाली' एकांकी में घर में काम करने वाली नौकरानी का क्या नाम था?**

## भाग - ख

**प्रश्न-2.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए     (3*2=6)**

(क). अपने से अधिक आत्मबल रखने वाले व्यक्ति को मित्र बनाने से क्या लाभ है?

(ख). मनोहर सिंह ने अपने नीम के पेड़ को गिरवी क्यों रखा?

(ग). सरस्वती की परेशानी का क्या कारण था?

(घ). लाला लाजपतराय के किस अनुभव ने लेखक की पूर्णता को अपूर्णता में बदल दिया?

(ङ). दादा जी कर्मचंद की किस बात से चिंतित हो उठते हैं?

**प्रश्न-3.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छः या सात पंक्तियों में दीजिए:।     (3•4=12)**

1. 'अशिक्षित का हृदय' कहानी का क्या उद्देश्य है?
2. सरस्वती ने नौ नम्बर बैड वाले बच्चे से क्या मदद माँगी?
3. मित्रता पाठ में सच्चे मित्र के कौन-कौन से गुण लेखक ने बताएं हैं?
4. 'मैं और मेरा देश' पाठ में लेखक ने देश के नागरिकों को चुनाव में किन बातों की ओर ध्यान देने के लिया कहा है?
5. "सूखी डाली" एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

## भाग - ग

**प्रश्न-4. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें।          (4)**

ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦਾ ਵੱਧ ਤੋਂ ਵੱਧ ਸਨਮਾਨ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਬੁੱਧੀਮਾਨ, ਅਨੁਭਵੀ ਅਤੇ ਘਰ ਦਾ ਸ਼ਿੰਗਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ।ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਉੱਚਿਤ ਸਮਾਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

## भाग - घ

**प्रश्न-5.निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें :-          (4)**

1.आपका नाम संजीव कुमार हैं। आप विवेकानन्द हाई स्कूल मुक्तसर में पढ़ते हैं। आप स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अध्यक्ष हैं। आपके स्कूल में 18 अप्रैल, 2015 को सुन्दर लिखाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें साठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल की मुख्याध्यापिका द्वारा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को इनाम बाँटे गये। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए ।

अथवा

CS CamScanner

सरस्वती मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल, रामनगर के प्रिंसिपल की ओर से सूचना-पट के लिए एक सूचना तैयार करें जिसमें वर्दी न पहनकर आने वाले विद्यार्थियों पर अनुशासनिक कार्यवाही के लिए कहा गया हो।

## भाग - ङ

**प्रश्न-6.निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखें:-** **(7)**

कक्षा की समस्या हल करवाने के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र।

या

स्वास्थ्य अधिकारी को क्षेत्र / मुहल्ले की सफाई करवाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र।

**प्रश्न-7.निम्नलिखित में से कोई एक अनुच्छेद लेखन करें :-** **(7)**

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य (ख) विद्यार्थी और अनुशासन (ग) परीक्षा में अच्छे अंक पाना ही सफलता का मापदंड नहीं

## भाग – च

**प्रश्न 8.निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें :-** **(5)**

**1.मान लीजिए आपका नाम रत्नलीन कौर हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1890876535 है। आपका हिमालय बैंक, शाखा- सोलन में एक बचत खाता नम्बर 96237180 है। आपको दिनांक 11.08.2015 को अपने इस खाते में से 7,000/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :-**

हिमालय बैंक शाखा: सोलन

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

बचत खाताधारक / खाताधारकों का नाम:........................दिनांक: ......................

खाता नम्बर : ..................................कृपया मुझे/हमें ..................(राशि शब्दों में) अदा करें।

रु. [ ] (राशि अंकों में) अदा करें।

**2.मान लीजिए आपका नाम मानव है। आपका एशिया बैंक, शाखा, करनाल में बचत खाता है, जिसका नम्बर 9876543210 है। आपको अपने इस खाते में दिनांक 12.12.2022 से 10000/- रुपए निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें -**

एशिया बैंक शाखा, करनाल

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

बचत खाताधारक का नाम:........................दिनांक: ......................

खाता नम्बर : ..................................कृपया मुझे ..................(राशि शब्दों में) अदा करें।

रु..................... (राशि अंकों में) अदा करें।

प्रश्न 9. सुंदर लिखाई। (5)